# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय श्योपुर (म.प्र.)

क्रमांक / 619 / LADCS / जिविसेप्रा / 2025 श्योपुर, दिनांक 10/07/2025

## / /भर्ती विज्ञप्ति/ /

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर से ई–मेल के माध्यम से प्राप्त पत्र क्र.फा.नं. 97/ LADCS/राविसेप्रा/4420 जबलपुर, दिनांक 12.11.2024 के पालन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर अंतर्गत कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउंसिल हेतु कार्यालय सहायक, रिसेप्शनिस्ट डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा भृत्य पद के लिए संविदा आधार पर 01 वर्ष हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक उम्मीदवार नियत प्रारूप में आवेदन–पत्र वांछित सहपत्रों सहित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर में प्रेषित/प्रस्तुत कर सकते हैं।

1. आवेदन करने की प्रारंभ तिथि – **दिनांक 10.07.2025 से प्रारंभ**
2. आवेदन करने की अंतिम तिथि – **दिनांक 30.07.2025 को शाम 05.00 बजे तक**
3. पद का नाम एवं संख्या :– **1. कार्यालय सहायक – 01 पद**
   **2. रिसेप्शनिस्ट डाटा एंट्री ऑपरेटर – 01 पद**
   **3. कार्यालय भृत्य – 01 पद**

4. साक्षात्कार तथा आवश्यक पद अनुसार टाईपिंग टेस्ट हेतु दिनांक, प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी के उपरांत जिला न्यायालय श्योपुर की आधिकारित वेबसाईट तथा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर के सूचना पटल पर यथासंभव **दिनांक 18.08.2025** के बाद प्रसारित की जाएगी।

5. आवेदन पत्र विज्ञापन दिनांक से **दिनांक 30 जुलाई, 2025** को शाम 05:00 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर तथा जिला न्यायालय की अधिकारिक वेबसाईट https://sheopur.dcourts.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं।

6. **वेतनमान :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्यालय सहायक | ₹ 12,500/- to 15,000/- |
| 2. | रिसेप्शनिस्ट डाटा एंट्री ऑपरेटर | ₹ 12,000/- to 15,000/- |
| 3. | कार्यालय भृत्य | ₹ 10,000/- to 12,000/- |

10/7/2025

(सचिव)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
श्योपुर म.प्र

**7. शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएँ :—**

**कार्यालय सहायक/क्लर्क के लिए योग्यता :—**

- शैक्षणिक न्यूनतम योग्यता —स्नातक उत्तीर्ण
- बुनियादी वर्ड प्रोसेसिंग, कौशल और डेटा फीड करने के लिए कम्प्यूटर संचालन कौशल की क्षमता
- अच्छी टाईपिंग गति की प्रवीणता के साथ याचिका की उचित सेटिंग का ज्ञान
- डिक्टेशन प्राप्त करने तथा न्यायालयों में सही ढंग से फाईल प्रस्तुत करने की क्षमता
- कार्यालय की फाईल्स एवं अन्य दस्तावेजों का जिम्मेदारी पूर्वक सही ढंग से रख—रखाव तथा प्रसंस्करण ज्ञान।
- एवं नालसा संशोधित लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्कीम— 2022 की मंशा अनुसार अन्य योग्यताएं।

**रिसेप्शनिस्ट सह डेटा एन्ट्री ऑपरेटर की योग्यताएं :—**

- शैक्षणिक न्यूनतम योग्यता —स्नातक उत्तीर्ण,
- उत्कृष्ट, मौखिक तथा लिखित संचार कौशल,
- वर्ड तथा डेटा प्रोसेसिंग क्षमता,
- दूर संचार प्रणालियों (टेलीफोन, फैक्स, स्वीच बोर्ड आदि) पर कार्य करने की क्षमता
- अच्छी टाईपिंग गति के साथ प्रवीणता
- एवं नालसा, संशोधित लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्कीम— 2022 की मंशा अनुसार अन्य योग्यताएं।

**कार्यालय भृत्य हेतु योग्यताए :—**

- कार्यालय भृत्य हेतु, नालसा संशोधित लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्कीम 2022 की मंशा अनुसार शासन द्वारा निर्धारित कक्षा 8वीं उत्तीर्ण।
- हिन्दी भाषा को पढ़ने और लिखने की क्षमता।
- नालसा, संशोधित लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्कीम— 2022 की मंशा अनुसार अन्य योग्यताएं।

टीप :— **आवेदन पत्र प्रस्तुत करते समय आवेदक को उपरोक्त अनुसार दर्शित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं आवेदन की अंतिम तिथि तक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।**

10/07/2025
(सचिव)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
श्योपुर म.प्र

**8. आवेदन पत्र एवं स्वप्रमाणित आवश्यक दस्तावेज :–**

आवेदक, माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की संशोधित, लीगल डिफेंस काउंसिल स्कीम–2022 के अंतर्गत उल्लेखित आवश्यक शैक्षणिक योग्यता अथवा इस विज्ञापन में उल्लेखित अनुसार अपने आवेदन पत्र को पूर्ण रूप से भरें तथा अपने आवेदन पत्र के साथ आवश्यक समस्त दस्तावेज/प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें। आवेदन के साथ शैक्षणिक अर्हता से संबंधित दस्तावेज प्रेषित किया जाना अति आवश्यक है, यदि किसी अभ्यर्थी के पास समस्त दस्तावेज उपलब्ध है एवं वह अपने आवेदन पत्र के साथ वांछित दस्तावेज संलग्न नहीं करता है, तो उसे अपात्र घोषित कर दिया जावेगा, ऐसे अभ्यर्थी को पात्र किये जाने के संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा तथा नस्तीबद्ध कर दिया जावेगा।

**9. आवेदन पत्र का प्रेषण :–**

आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र एवं समस्त दस्तावेज/प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों एवं दो नवीन रंगीन छायाचित्रों (पासपोर्ट साईज फोटो) के साथ **लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से जिस पद हेतु आवेदन पत्र भेजा जा रहा है, उस पद का नाम अंकित करते हुए** प्रेषित किया जाना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र, **अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर के नाम से** संबोधित करते हुए, कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर में स्वयं उपस्थित होकर अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से **दिनांक 30 जुलाई, 2025 को शाम 05:00 बजे तक** आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं कोई पत्राचार भी मान्य नहीं होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों को निरस्त माना जाएगा, भले ही विलंब डाक विभाग द्वारा किया गया हो। साथ ही आवेदन पत्र व आवश्यक दस्तावेज/प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त न होने की दशा में संबंधित आवेदक की अभ्यार्थिता स्वतः ही निरस्त मानी जाएगी और उन्हें नस्तीबद्ध कर दिया जाएगा।

**10. प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी :–**

**दिनांक 18 अगस्त, 2025 को शाम 05:00 बजे तक** प्राप्त आवेदन पत्रों का नियमानुसार स्क्रूटनी कार्य किया जाएगा। स्क्रूटनी कार्य पश्चात् पात्र पाए गए आवेदकों की अंतिम सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर के सूचना पटल तथा जिला न्यायालय, श्योपुर की आधिकारिक वेबसाईट पर यथासंभव **दिनांक 19.08.2025** को प्रदर्शित की जाएगी।

**11. पात्र आवेदकों की परीक्षा/साक्षात्कार :–**

पात्र आवेदकों को चयन समिति/बोर्ड के समक्ष व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए नियत की जाने वाली तिथि पर आमंत्रित किया जाएगा। आवेदक को साक्षात्कार दिनांक के दिन अपने आवेदन पत्र में संलग्न स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के मूल दस्तावेज/प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। जिसका सत्यापन, साक्षात्कार दिनांक पर किया जाएगा। पद की पात्रता अनुसार टाईपिंग परीक्षा एवं साक्षात्कार लिया जा सकेगा। साक्षात्कार तथा पात्रता अनुसार टाईपिंग परीक्षा दिनांक पर अनुपस्थित आवेदक का साक्षात्कार तथा टाईपिंग परीक्षा हेतु दोबारा मौका नहीं दिया जाएगा तथा उसका आवेदन अनुपस्थिति की दशा में स्वतः निरस्त माना जाएगा।

10/07/2025
(सचिव)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
श्योपुर म.प्र.

**12. चयन परिणाम :–**

चयन समिति/बोर्ड द्वारा अंतिम रूप से चयनित आवेदकों की चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर के सूचना पटल तथा जिला न्यायालय, श्योपुर की आधिकारिक वेबसाईट https://sheopur.dcourts.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी। एक से अधिक अभ्यार्थियों के समान अंक होने की दशा में अधिक आयु वाले अभ्यार्थी को वरीयता देते हुए सूची तैयार की जाएगी। आवेदक अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर में संपर्क कर सकते हैं।

**नोट :–**

अंतिम परिणाम सूची में अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किए जाने से ही उसकी नियुक्ति को कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होगा, जब तक की नियुक्ति प्राधिकारी का ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसे की आवश्यक समझा जाए, यह समाधान नहीं हो जाता कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त है।

चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि या अन्य कोई सारवान त्रुटि ध्यान में आती है, तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर को परिणामिक परिवर्तनों के साथ चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।

**13. नियुक्ति के संबंध में :–**

चयनित आवेदकों की नियुक्ति माननीय म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के पत्र क्र.फा.नं. 97/एलएडीसीएस/राविसेप्रा/4420 जबलपुर, दिनांक 12.11.2024 के अनुसार **एक वर्ष के लिए संविदा आधार पर** की जाएगी।

चयनित आवेदक को पुलिस वैरीफिकेशन प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, तथा जिला मेडीकल बोर्ड से स्वयं के व्यय पर निर्धारित शुल्क, यदि कोई हो, अदा कर मेडीकल जांच करवाकर फिटनेस सर्टिफिकेट, प्रस्तुत करना होगा।

**14. शुद्धि पत्र :–**

उपरोक्तानुसार पदों की भर्ती प्रक्रिया के दौरान यदि किसी प्रकार के स्पष्टीकरण या संशोधन की आवश्यकता होती है, तो उक्त संशोधन शुद्धिपत्र के माध्यम से जिला न्यायालय, श्योपुर की आधिकारिक वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा। वेबसाईट पर प्रकाशित शुद्धिपत्र को सभी अभ्यर्थियों के लिए उचित एवं पर्याप्त सूचना के रूप में समझा जावेगा। शुद्धिपत्र की जानकारी प्राप्त नहीं होने के आधार पर प्राप्त अभ्यावेदनों को नस्तीबद्ध कर दिया जावेगा।

**15. आवेदनों का विनष्टीकरण :–**

आवेदन पत्रों का अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के आवेदनों को छोड़कर व अन्य सामग्री को, चयन सूची अंतिम परीक्षा घोषित होने के एक वर्ष बाद नष्ट कर दिया जाएगा।

10/07/2025

(सचिव)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
श्योपुर म.प्र.

## // चयन एवं अभ्यर्थित के संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी //

1. कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर अंतर्गत लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम हेतु स्टॉफ (कार्यालय सहायक, रिसेप्शनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं कार्यालय भृत्य) की भर्ती पूर्ण रूप से संविदा आधार पर एक वर्ष हेतु होगी।
2. अभ्यर्थी तीनों पद/वर्ग हेतु आवेदन पृथक-पृथक प्रस्तुत कर सकेगा। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना आवश्यक है।
3. अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों के निरीक्षण व सत्यापन की कार्यवाही साक्षात्कार दिनांक को ही होगी और उन्हें साक्षात्कार के मूल दस्तावेज एवं पहचान पत्र के साथ उपस्थित होना होगा।
4. यदि कोइ अभ्यर्थी विज्ञापन की शर्ते पूरी न करते हुए भी आवेदन प्रेषित करता है या उसका आवेदन पत्र त्रुटिपूर्ण पाया जाता है अथवा उसमे असत्य जानकारी दी जाती है अथवा कोई वांछित जानकारी नहीं दी गई है अथवा किसी जानकारी को छुपाया है तो ऐसी स्थिति में किसी भी स्तर/प्रकम पर उसका चयन और उसकी अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी तथा इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार स्वीकार नहीं होगा।
5. साक्षात्कार तथा आवश्यक पद हेतु टाइपिंग टेस्ट दिनांक की सूचना जिला न्यायालय, श्योपुर की आधिकारिक वेबसाइट https://sheopur.dcourts.gov.in एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी।
6. यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई दांडिक प्रकरण किसी पुलिस थाने, न्यायालय में विचाराधीन हो अथवा किसी न्यायालय से निराकृत हो चुका हो अथवा उसे दोषसिद्ध कर दंडित किया गया हो तो निर्णय संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण कमांक आदि की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रदान करें।
7. पुनः मूल्यांकन/पुनः साक्षात्कार हेतु आवेदन करने का कोई प्रावधान नहीं है। अतः इस विषय में प्राप्त आवेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी तथा इस संबंध में प्राप्त आवेदन अभ्यावेदन निरस्त कर दिए जाएंगे।
8. आवेदक को साक्षात्कार की सूचनपा जिला न्यायालय, श्योपुर की आधिकारिक वेबसाइट https://sheopur.dcourts.gov.in पर दी जाएगी, जिसमें आवेदक समय-समय पर वेबसाइट चेक करते रहें। सूचना न मिलने पर जिला विधिक सेव प्राधिकरण, श्योपुर तथा जिला न्यायालय, श्योपुर की कोई जवाबदारी नहीं होगी।
9. उपरोक्तानुसार भर्ती प्रकिया पूर्ण रूप से लीगल एड डिफेंस काउंसिल मॉडीफाईड स्कीम 2022 तथा माननीय मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन अनुसार की जाएगी। किसी भी प्रकार का कोई संशोधन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार माननीय अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर को होगा।

**संलग्न :- आवेदन पत्र का प्रारूप**

**(माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार)**

Varsha 10/07/2025

**(श्रीमती वर्षा सूर्यवंशी मजुमदार)**
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
श्योपुर (म.प्र.)

# कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउंसिल, श्योपुर हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप
## (कार्यालय सहायक/क्लर्क हेतु)

प्रति,

मान्नीय अध्यक्ष महोदय,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जिला–श्योपुर (म0प्र0)

फोटो
स्वप्रमाणित

1.– आवेदक का नाम :–
क– हिन्दी में ------------------------------------------------------------
ख– अंग्रेजी में ------------------------------------------------------------
2.– पिता/पति का नाम ------------------------------------------------------
3.– जन्मतिथि (अंको में) ---------------- (शब्दों में) -------------------------------
4.– दिनांक 10.07.2025 को आवेदक की आयु ------ वर्ष ----- माह -----दिन-----
5.– लिंग (स्त्री/पुरूष/अन्य) --------------------------------------------------------
6.– स्थायी पता (पिन कोड सहित) ---------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------
7.– पत्राचार का पूरा पता (पिन कोड सहित) ----------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------
8.– मोबाईल नं. -------------------------------------------------------------------
9.– ई–मेल आई.डी. यदि हो तो -------------------------------------------------
10.– श्रेणी (सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि.वर्ग) ------------
(प्रमाण पत्र संलग्न करें)
11.– विवाहित/अविवाहित ---------------------------------------------------------
12.– वर्तमान में किसी सरकारी संस्थान/निगम में कार्यरत हैं (हॉ या नहीं), यदि हॉ तो अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न करें ------------------------------------------
13.– शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| परीक्षा उत्तीर्ण | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण हाने का वर्ष | अंक प्रतिशत | वर्ग/श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| हाई स्कूल | | | | |
| हायर सेकेंड्री | | | | |
| स्नातक | | | | |
| अन्य कोई योग्यता | | | | |

Vaibo

14.– **विशेष योग्यता (यदि कोई हो प्रमाण पत्र संलग्न करें) -------------------------**

15.– **आधार नंबर (स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न करें) ------------------------------------**

16.– **कम्प्यूटर टाईपिंग एवं स्पीड ---------------------------------------------------**
**(यदि हो तो प्रमाण–पत्र / दस्तावेज संलग्न करें)**

17.– **शार्टहेण्ड ज्ञान व स्पीड ---------------------------------------------------------**
**(यदि हो तो प्रमाण–पत्र / दस्तावेज संलग्न करें)**

18.– **एम.एस.वर्ड / एक्सेल / डाटा फीडिंग ज्ञान -----------------------------------------**
**(यदि हो तो प्रमाण–पत्र / दस्तावेज संलग्न करें)**

19.– **यदि आपके विरूद्ध न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है, तो उसका विवरण ------------------------------------------------------------------------**
**------------------------------------------------------------------------**

नोट :– **आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों सहित ए.डी.आर. भवन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, श्योपुर म.प्र. में अंतिम तिथि 30.07.2025 तक** कार्यालयीन **समय सांय 05:30 बजे तक** के पूर्व आवश्यक रूप से स्वयं अथवा डाक के माध्यम से प्रस्तुत करें। तथा स्वयं का **निवास पता लिखा हुआ लिफाफा पर्याप्त टिकिटों सहित भी आवेदन के साथ संलग्न करें, जिसके माध्यम से साक्षात्कार की सूचना दी जावेगी।**

**घोषण–पत्र**

मैं प्रमाणित करता / करती हूँ कि इस आवेदन में मेरे द्वारा दी गई विवरणी मेरे जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि न तो मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक वाद लंबित है (आपराधिक वाद लंबित होने की दशा में उसके संबंध में आवेदन–पत्र में दी गई जानकारी के अतिरिक्त) और न ही मुझें किसी न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है और न ही किसी नैतिक दुराचार से संबंधित किसी वाद में संलिप्त या संबंधित हूँ कि मेरे द्वारा उपर्युक्त किसी भी सूचना के गलत पाये जाने पर मेरी अभ्यर्थिता चयन के किसी भी स्तर पर रद्द की जा सकती है और मेरे द्वारा साक्षात्कार के समय अपने दस्तावेजों की मूल प्रति लेकर उपस्थित नहीं होने की दशा में मुझें साक्षात्कार में उपस्थित होने से प्रतिबंधित किया जा सकता है। मैं यह भी जानता / जानती हूँ कि गलत या असत्य सूचना के आधार पर इन नियमों के अंतर्गत मेरी नियुक्ति होती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त / रद्द कर दी जाएगी और मेरे विरूद्ध आपराधिक / दाण्डिक कानूनों के तहत अभियोजन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है।

स्थान :– ..........................................

दिनांक :– ..........................................

हस्ताक्षर :– ..............................................................
आवेदक का नाम :– ..............................................
निवास का पता :– ................................................
मोबाईल नं. :– ......................................................

# कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउंसिल, श्योपुर हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप
## (रिसेप्शनिस्ट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर हेतु)

प्रति,

माननीय अध्यक्ष महोदय,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जिला–श्योपुर (म0प्र0)

फोटो
स्वप्रमाणित

**1.– आवेदक का नाम :–**

**क– हिन्दी में ------------------------------------------------**

**ख– अंग्रेजी में ----------------------------------------------**

**2.– पिता / पति का नाम --------------------------------------------**

**3.– जन्मतिथि (अंको में) --------------- (शब्दों में) ------------------------------**

**4.– दिनांक 10.07.2025 को आवेदक की आयु ------ वर्ष ----- माह -----दिन-----**

**5.– लिंग (स्त्री / पुरूष / अन्य) ----------------------------------------------**

**6.– स्थायी पता (पिन कोड सहित) --------------------------------------------**

**------------------------------------------------------------------------**

**------------------------------------------------------------------------**

**7.– पत्राचार का पूरा पता (पिन कोड सहित) ----------------------------------**

**------------------------------------------------------------------------**

**------------------------------------------------------------------------**

**8.– मोबाईल नं. ------------------------------------------------------------**

**9.– ई–मेल आई.डी. यदि हो तो ---------------------------------------------**

**10.– श्रेणी (सामान्य / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अ.पि.वर्ग) ------------ (प्रमाण पत्र संलग्न करें)**

**11.– विवाहित / अविवाहित ------------------------------------------------**

**12.– वर्तमान में किसी सरकारी संस्थान / निगम में कार्यरत हैं (हॉ या नहीं), यदि हॉ तो अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न करें ---------------------------------------**

**13.– शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण पत्र संलग्न करें)**

| परीक्षा उत्तीर्ण | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण हाने का वर्ष | अंक प्रतिशत | वर्ग / श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| हाई स्कूल | | | | |
| हायर सेकेंड्री | | | | |
| स्नातक | | | | |
| अन्य कोई योग्यता | | | | |

Vau

**14.– विशेष योग्यता (यदि कोई हो प्रमाण पत्र संलग्न करें) ------------------------**

**15.– आधार नंबर (स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न करें) ------------------------------------**

**16.– कम्प्यूटर टाईपिंग एवं स्पीड ----------------------------------------------------**
**(यदि हो तो प्रमाण–पत्र/दस्तावेज संलग्न करें)**

**17.– शार्टहेण्ड ज्ञान व स्पीड ---------------------------------------------------------**
**(यदि हो तो प्रमाण–पत्र/दस्तावेज संलग्न करें)**

**18.– एम.एस.वर्ड/एक्सेल/डाटा फीडिंग ज्ञान --------------------------------------**
**(यदि हो तो प्रमाण–पत्र/दस्तावेज संलग्न करें)**

**19.– यदि आपके विरूद्ध न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है, तो उसका विवरण ------------------------------------------------------------------------------**
**------------------------------------------------------------------------------------**

नोट :– **आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों सहित ए.डी.आर. भवन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, श्योपुर म.प्र. में अंतिम तिथि 30.07.2025 तक** कार्यालयीन **समय सांय 05:30 बजे तक** के पूर्व आवश्यक रूप से स्वयं अथवा डाक के माध्यम से प्रस्तुत करें। तथा स्वयं का **निवास पता लिखा हुआ लिफाफा पर्याप्त टिकिटों सहित भी आवेदन के साथ संलग्न करें, जिसके माध्यम से साक्षात्कार की सूचना दी जावेगी।**

## घोषण–पत्र

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि इस आवेदन में मेरे द्वारा दी गई विवरणी मेरे जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि न तो मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक वाद लंबित है (आपराधिक वाद लंबित होने की दशा में उसके संबंध में आवेदन–पत्र में दी गई जानकारी के अतिरिक्त) और न ही मुझें किसी न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है और न ही किसी नैतिक दुराचार से संबंधित किसी वाद में संलिप्त या संबंधित हूँ कि मेरे द्वारा उपर्युक्त किसी भी सूचना के गलत पाये जाने पर मेरी अभ्यर्थिता चयन के किसी भी स्तर पर रद्द की जा सकती है और मेरे द्वारा साक्षात्कार के समय अपने दस्तावेजों की मूल प्रति लेकर उपस्थित नहीं होने की दशा में मुझें साक्षात्कार में उपस्थित होने से प्रतिबंधित किया जा सकता है। मैं यह भी जानता/जानती हूँ कि गलत या असत्य सूचना के आधार पर इन नियमों के अंतर्गत मेरी नियुक्ति होती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त/रद्द कर दी जाएगी और मेरे विरूद्ध आपराधिक/दाण्डिक कानूनों के तहत अभियोजन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है।

स्थान :– ........................................

दिनांक :– ........................................

हस्ताक्षर :– ............................................................
आवेदक का नाम :– ............................................
निवास का पता :– ..............................................
मोबाईल नं. :– ....................................................

# कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउंसिल, श्योपुर हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप
## (कार्यालय भृत्य हेतु)

प्रति,

माननीय अध्यक्ष महोदय,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जिला–श्योपुर (म0प्र0)

फोटो
स्वप्रमाणित

1.– आवेदक का नाम :–
क– हिन्दी में ---------------------------------------------------------
ख– अंग्रेजी में ---------------------------------------------------------
2.– पिता/पति का नाम ----------------------------------------------------
3.– जन्मतिथि (अंको में) ---------------- (शब्दों में) ------------------------------
4.– दिनांक 10.07.2025 को आवेदक की आयु ------ वर्ष ----- माह -----दिन-----
5.– लिंग (स्त्री/पुरूष/अन्य) ----------------------------------------------------
6.– स्थायी पता (पिन कोड सहित) -----------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------
7.– पत्राचार का पूरा पता (पिन कोड सहित) ----------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------
8.– मोबाईल नं. ----------------------------------------------------------------
9.– ई–मेल आई.डी. यदि हो तो ---------------------------------------------------
10.– श्रेणी (सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि.वर्ग) ------------
(प्रमाण पत्र संलग्न करें)
11.– विवाहित/अविवाहित ---------------------------------------------------------
12.– वर्तमान में किसी सरकारी संस्थान/निगम में कार्यरत हैं (हॉ या नहीं), यदि हॉ तो अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न करें ------------------------------------------
13.– शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| परीक्षा उत्तीर्ण | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण हाने का वर्ष | अंक प्रतिशत | वर्ग/श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 8वीं | | | | |
| हाई स्कूल | | | | |
| हायर सेकेंड्री | | | | |
| अन्य कोई योग्यता | | | | |

14.– विशेष योग्यता (यदि कोई हो प्रमाण पत्र संलग्न करें) -------------------------
15.– आधार नंबर (स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न करें) ------------------------------------
16.– कम्प्यूटर टाईपिंग एवं स्पीड ---------------------------------------------------------
(यदि हो तो प्रमाण–पत्र/दस्तावेज संलग्न करें)
17.– शार्टहेण्ड ज्ञान व स्पीड --------------------------------------------------------------
(यदि हो तो प्रमाण–पत्र/दस्तावेज संलग्न करें)
18.– एम.एस.वर्ड/एक्सेल/डाटा फीडिंग ज्ञान ---------------------------------------
(यदि हो तो प्रमाण–पत्र/दस्तावेज संलग्न करें)
19.– यदि आपके विरूद्ध न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है, तो उसका विवरण ------------------------------------------------------------------------
------------------------------------------------------------------------

नोट :– **आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों सहित ए.डी.आर. भवन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, श्योपुर म.प्र. में अंतिम तिथि 30.07.2025 तक** कार्यालयीन **समय सांय 05:30 बजे तक** के पूर्व आवश्यक रूप से स्वयं अथवा डाक के माध्यम से प्रस्तुत करें। तथा स्वयं का **निवास पता लिखा हुआ लिफाफा पर्याप्त टिकिटों सहित भी आवेदन के साथ संलग्न करें, जिसके माध्यम से साक्षात्कार की सूचना दी जावेगी।**

## घोषण–पत्र

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि इस आवेदन में मेरे द्वारा दी गई विवरणी मेरे जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि न तो मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक वाद लंबित है (आपराधिक वाद लंबित होने की दशा में उसके संबंध में आवेदन–पत्र में दी गई जानकारी के अतिरिक्त) और न ही मुझें किसी न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है और न ही किसी नैतिक दुराचार से संबंधित किसी वाद में संलिप्त या संबंधित हूँ कि मेरे द्वारा उपर्युक्त किसी भी सूचना के गलत पाये जाने पर मेरी अभ्यर्थिता चयन के किसी भी स्तर पर रद्द की जा सकती है और मेरे द्वारा साक्षात्कार के समय अपने दस्तावेजों की मूल प्रति लेकर उपस्थित नहीं होने की दशा में मुझें साक्षात्कार में उपस्थित होने से प्रतिबंधित किया जा सकता है। मैं यह भी जानता/जानती हूँ कि गलत या असत्य सूचना के आधार पर इन नियमों के अंतर्गत मेरी नियुक्ति होती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त/रद्द कर दी जाएगी और मेरे विरूद्ध आपराधिक/दाण्डिक कानूनों के तहत अभियोजन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है।

स्थान :– ........................................

दिनांक :– ........................................

हस्ताक्षर :– ..........................................................
आवेदक का नाम :– ..........................................
निवास का पता :– ............................................
मोबाईल नं. :– ..................................................